**स्पाइसेस बोर्ड**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार**
**सुगंध भवन, पालारिवट्टम**
**कोच्ची-25, केरल**

**सं. : विपणन-म.पा./सामान्य/0001/2021** **13 सितंबर, 2021**

**छिंदवाडा, मध्य प्रदेश के मसाला पार्क में स्थापित सुविधाओं के संचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है**

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, कोच्ची ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में मसालों और सब्जियों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए सभी बुनियादी अवसंरचनाओं और प्रसंस्करण सुविधाओं वाले एक मसाला पार्क की स्थापना की है। स्थापित प्रमुख प्रसंस्करण सुविधाएं, मसाले एवं मसाला निष्कर्षण इकाई के लिए निर्जलीकरण सुविधा है। मसाला पार्क में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

अब बोर्ड, पट्टे आधार पर, मसाला पार्क में स्थापित सुविधाओं के संचालन केलिए मसालों / कृषि उत्पादों / खाद्य व खाद्य सामग्रियों आदि के निर्यात व घरेलू व्यापार से जुड़े इच्छुक तथा तकनीकी रूप से सक्षम व आर्थिक रूप से सुस्थित पार्टियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है । पूरी की पूरी सुविधाएं इच्छुक और तकनीकी रूप से सक्षम और वित्तीय रूप से सुस्थित फर्मों/कंपनियों को पट्टे पर दी जाएंगी। सभी सुविधाएं 'जैसे है जहां है' की स्थिति में पट्टे पर दी जाएगी । अतः पट्टेदार को संचालन शुरू करने से पूर्व उपकरण की सफाई/मरम्मत, आवश्यक संशोधन, यदि कोई हो, करना होगा। संयंत्र भवन के साथ उपलब्ध भूमि का उपयोग पट्टेदार द्वारा मसालों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन और मसाला प्रसंस्करण के अन्य संबंधित प्रक्रिया की सहायक सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से किया जा सकता है। ऐसे मामलों में लीज अवधि के दौरान उपलब्ध भूमि के उपयोग के लिए निबंधन एवं शर्तों पर चर्चा की जाएगी और बोली पूर्व बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। पट्टे की अवधि सामान्य रूप से **दस** वर्ष की अवधि के लिए होगी। हालांकि लंबी लीज पर भी विचार किया जाएगा।

इसमें रुचि रखनेवाले ईओआई प्रस्तुत करने / बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए अपने ही खर्च पर छिंदवाड़ा के मसाला पार्क का दौरा कर सकते हैं।

छिंदवाड़ा के मसाला पार्क का संपर्क-पता नीचे दिया गया है:

**श्री भरत अर्जुन गुडाडे**
**वैज्ञानिक सी, मसाला पार्क,**
**ग्राम लास, उमरानाला पी.ओ.,**
**छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480107**
**दूरभाष: 7440520245**
**इ-मेइल: spicesboardmp@gmail.com**

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) निर्धारित फार्मेट (अनुलग्नक-2) में 04-10-2021 को सायं 5.00 को या उससे पूर्व "**मसाला पार्क**, छिन्दवाडा के संचालन केलिए ई ओ आई" ऊपर लिखकर निम्न पते पर प्रस्तुत की जानी चाहिए :

**निदेशक (विपणन),**
**स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन,**
**एन.एच.-बाईपास, पालारिवट्टम पी.ओ.,**
**कोच्ची - 682025.**
**टेली.: 0484-2333607**
**इ-मेइल: dm.sb-ker@gov.in**

प्राप्त ईओआई 05-10-.2021 को सुबह 11.30 को खोली जाएगी और उसकी जांच की जाएगी और निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए एक पूर्व-बोली बैठक निर्धारित की जाएगी। पात्र फ़र्मों को पूर्व-बोली बैठक केलिए आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व बोली बैठक की तिथि, समय और स्थान पात्र आवेदकों को सूचित किया जाएगा। बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निबंधन व शर्तों का मसौदा पूर्व-बोली बैठक के पहले ही परिचालित किया जाएगा और पट्टे केलिए निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने पर चर्चा बोर्ड द्वारा परिचालित मसौदे के आधार पर होगी।

**निदेशक(विपणन)**

# छिंदवाड़ा के लहसुन निर्जलीकरण संयंत्र -क्षमता -छह टीपीडी

## उत्पादन प्रक्रिया

**1. डिकोटिकेटरः**

सामग्री को एलिवेटर (लिफ्ट) में डाला जाता है जो इस सामग्री को हॉपर तक ले जाता है। लहसुन के प्रकन्दों को मशीन द्वारा फाँकों में तोड़ा जाता है और एक ब्लोअर इसके छिलके को हटाता है। इसमें 10 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 24000 कि.ग्रा. है।

**2. ग्रेडिंग मशीन:**

इसमें एम एस प्लेट से बना एक गोल क्रॉस-सेक्शन शामिल है, जो फांक को विभिन्न आकारों में अलग करने के लिए घूमता है। इसमें 5 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 24000 कि.ग्रा. है।

3. **फ्लेकिंग मशीन**:

यह एक एस.एस. रोल मशीन है जो 2 रोल से मिलकर बनी है, जो लहसुन की फाँकों को आवश्यक मोटाई देने के लिए विपरीत दिशा में घूमते हैं। इसमें 3 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 15000 कि.ग्रा. है।

**4. सतत बेल्ट ड्रायर**:

यह 40-60 डिग्री सेंटीग्रेड तक के अलग-अलग तापमान क्षेत्रों वाला लगातार चलने वाला 5 बेल्ट ड्रायर है, जहाँ गर्म हवा से सामग्री को निर्जलित किया जाता है और इसकी क्षमता प्रतिदिन 3 मीटरी टन तैयार उत्पाद है।

**5. छिलका हटाने की मशीन:**

इसमें ब्रश होते हैं और सामग्री को हॉपर और ब्रश में डाला जाता है और ब्रश घूमते हैं। लहसुन का छिलका निकाल दिया जाता है और ब्लोअर की मदद से इसे उड़ा दिया जाता है।

**6 ग्रैविटी सेपरेटर** :

यह मशीन निर्जलित लहसुन के छोटे और टूटे टुकड़ों को अलग कर देती है और अवांछित कणों को हटा दिया जाता है।

**7 बिन ड्रायर**:

नमी को बराबर रखने और उत्पाद में समान स्तर की नमी बनाए रखने में मदद करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

8. **छँटाई:** अशुद्धियों को दूर करने के लिए हाथ से छंटाई की जाती है।

**9. मैग्नेटिक सेपरेटर** : किसी लोहे के टुकड़े आदि को हटाने के लिए सामग्री को मैग्नेटिक सेपरेटर से होकर निकाला जाता है।

**10. पैकिंग:** थोक पैकिंग के लिए: निर्यात योग्य नालीदार गत्ते के डिब्बे में डबल पॉली बैग में पैक करने की सुविधा

## <u>छिंदवाड़ा के मिर्च निष्कर्षण संयंत्र के उपकरणों की सूची</u>

| | |
|---|---|
| **1** | **विलयन निष्करशन संयंत्र** |
| **क.** | एक्स्ट्रैक्शन केट्टिल |
| **ख.** | एस एस फिल्टर |
| **ग.** | कंडेंसरसिस्टम |
| **घ.** | स्टोरेज टैंक |
| **ङ** | डिज़ोल्वेंटाइजर |
| **च** | इवापोरेटर |
| **छ** | एसएस पाइप लाइन्स, एस एस बॉल वाल्व्स, एस एस [illegible] |
| **ज** | लिक्विड एक्स्ट्रैक्टर |
| **झ** | सॉल्वेंट सेपरेटर |
| **ञ** | सॉल्वेंट पम्प |
| **ट** | आइसोट्रोप |
| **ठ** | एम एस प्लैटफार्म |
| **ड** | अपशिष्ट उतारने की प्रणालियाँ |
| **ढ** | फ्रूट मिल |
| **ण** | एचडीपीई क्रेट्स |
| **त** | फ्लेम प्रूफ वेसल लैम्प |
| **थ** | वैक्यूम सिस्टम |
| **द** | एयर वेंट सिस्टम |
| **2** | **बॉयलर और स्टीम लाइन का काम** |
| क | बॉयलर |
| ख | स्टीम लाइन आईबीआर व नॉन आईबीआर |
| ग | वाल्व्स, नट्स व बोल्ट जैसे अन्य फिट्टिंग |
| 3 | ठंडा जल प्रणाली |
| 4 | शीत-जल प्रणाली |
| 5 | प्रोसेसिंग डिजाइन और इंजीनियरिंग |
| 6 | गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला |
| 7 | अग्नि सुरक्षा |
| 8 | विलयन भंडारण प्रणाली |
| 9 | उत्पाद भंडारण हस्तन सुविधा, गुणवत्ता नियंत्रण |
| **10** | **गंदापानी उपचार सुविधा** |

**अतिरिक्त मशीनरी की सूची**

| | |
|---|---|
| 1 | डेकोर्टिकेटर (350) और (075) |
| 2 | ग्रेडिंग मशीन (351) और (075) |
| 3 | फ्लेकिंग मशीन (031) और (075) |
| 4 | वाशिंग मशीन (362)&(075) |
| 5 | बेल्ट ड्रायर (360)&(024)&(075) |
| 6 | बिन ड्रायर (352) और (075) |
| 7 | स्किन रिमूवर (075)&(361) |
| 8 | पल्वराइज़र (353) और (075) |
| 9 | ग्रेविटी सेपरेटर (312)&(310) |
| 10 | मेग्नटिक सेपरेटर (312)&(311) |
| 11 | स्ट्रैपिंग मशीन (299) और (312) |
| 12 | बॉयलर (007) और (075) |

III. पार्क में उपलब्ध अन्य सामान्य सुविधाओं में प्रशासनिक भवन के लिए स्थान, कैंटीन सुविधा, प्रशिक्षण हॉल, बैंकिंग सुविधा के लिए स्थान, ईटीपी सिस्टम आदि शामिल हैं।

IV. आवश्यकता पड़ने पर, बोर्ड चयनित बोलीदाता को अपने खर्च पर पार्क के भीतर उपलब्ध स्थान में अस्थायी संरचना/भवन का निर्माण करके अतिरिक्त प्रसंस्करण/संबंधित सुविधा, यदि कोई हो, स्थापित करने की अनुमति देगा।

**अनुलग्नक -2**

**मसाला पार्क, छिंदवाड़ा की सुविधाओं के संचालन हेतु ईओआई के लिए आवेदन**

| क्रम सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी/फर्म का नाम व पता | |
| 2 | प्रकृति / कानूनी स्थिति (प्रति संलग्न करें) | |
| 3 | क्या स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत है? यदि है, तो पंजीकरण संख्या | |
| 4 | डाक पता, फोन/मोबाइल नंबर, इ-मेइल सहित फोन नंबर के साथ संपर्क- व्यक्ति का नाम | |
| 5 | आवेदक/फर्म का पैन(PAN) | |
| 6 | जी एस टी पंजीकरण संबंधी विवरण(प्रति संलग्न करें) | |
| 7 | वर्तमान व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण और संबंधित वस्तुओं के प्रकार | |
| 8 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने और उसके अनुरक्षण में पिछले अनुभवों का विवरण (समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |
| 9 | यदि आपके पास पहले से ही मसाला प्रसंस्करण सुविधा है (कृपया विवरण प्रस्तुत करें) | |
| 10 | वार्षिक टर्न-ओवर<br><br>क) घरेलू<br><br>ख) निर्यात<br>(समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |
| 11 | अन्य संगत सूचना, यदि कोई है तो,<br><br>(समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |

(आवेदक का हस्ताक्षर)

कंपनी की मोहर

स्थान:

दिनांक :